शोध ही राष्ट्र की प्रगति का आधार है : डॉ. किशोर अरोरा

जागरण प्रतिनिधि,शिवपुरी

शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय शिवपुरी में शोध प्रविधि की प्रमुख प्रवृत्तियाँ विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूम में डॉ. किशोर अरोरा प्राध्यापक रसायन विज्ञान शासकीय स्व. स्नातकोत्तर महाविद्यालय दतिया ने अत्यन्त ज्ञानवर्द्धक उदबोधन दिया। अपने उदबोधन में प्रो. अरोरा ने शोध प्रविधि के विभिन्न चरणों का अत्यन्त सारगर्भित शैली में विशलेषण किया तथा उनके द्वारा अतराष्ट्रीय और राष्ट्रीय शोध जर्नल्स के लिंक तथा अन्य अनेक साइटेशन जर्नल्स एवं जर्नल्स के ऑनलाइन अध्ययन संबंधी कई महत्वपूर्ण लिंक शेयर किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में रसायन विज्ञान की विभागाध्यक्ष प्रो. ममतारानी द्वारा डॉ. किशोर अरोरा की अकादमिक उपलब्धियों का ब्यौरा देते हुए उनका स्वागत किया गया तथा आईक्यूएसी के वरिष्ठ सदस्य डॉ. गजेन्द्र कुमार सक्सैना द्वारा महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष अमित भार्गव का पुष्पाहार से स्वागत किया गया। व्याख्यान के विषय का प्रवर्तन करते हुए संयोजक आई. क्यू. ए. सी. डॉ. पुनीत कुमार द्वारा शोध प्रविधि के महत्व को रेखांकित किया गया। जनभागीदारी अध्यक्ष अमित भार्गव ने अपने उदबोधन में कहा कि महाविद्यालय में शोध संबंधी जो भी आवश्यकता होगी उसकी पूर्ति करने में जनभागीदारी द्वारा पूरा सहयोग किया जायेगा।

EXTENSION LECTURE BY SUBJECT EXPERT

SALIENT FEATURES OF RESEARCH METHODOLOGY

" शोध प्रविधि की प्रमुख प्रवृत्तियाँ "

Our Eminent Speaker

Dr. Kishore Arora
Prof. of Chemistry
Govt. (Auto.) P.G.College Datia (M.P.)

Jointly Organized by
Internal Quality Assurance Cell (IQAC) & Dept. of Chemistry

Date: Nov 11-2022 Day: Friday Time: 02:00 PM

Govt. Shrimant Madhavrao Scindia P.G. College Shivpuri (M.P.)